प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
08.03.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

## 'आज के मुख्य समाचार''

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह शाहपुर के चंबी में हुआ आयोजित– महिला विकास प्रोत्साहन योजना के तहत महिलाएं सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शाहपुर क्षेत्र में 30 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा का बजट सत्र छोटा करने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप।
- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 51 हज़ार से अधिक विभिन्न मामलों का हुआ निपटारा।

**अब समाचार विस्तार से..........**

## महिला दिवस

आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का विषय **'सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण'** है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेशभर में भी कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। राज्य स्तरीय समारोह कांगड़ा ज़िला के शाहपुर के चंबी में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने महिला विकास प्रोत्साहन योजना के तहत बेहतरीन कार्य करने वाली महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेटियों को बेटों के बराबर हक प्रदान करने के लिए भूमि कानून में बदलाव किया और पुलिस भर्ती में महिलाओं के लिए आरक्षण बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृति को खत्म करने के लिए नारी शक्ति से महत्वपूर्ण योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में कृषि मंत्री चंद्र कुमार, ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह और आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिला उत्थान के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां देश ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी हिमाचल का नाम रौशन कर रही हैं।

## बुलेटिन महिला दिवस

वहीं हर वर्ष की भांति महिला दिवस के अवसर पर आकाशवाणी शिमला के समाचार एकांश में आज केवल महिला कर्मचारियों द्वारा ही समाचार संकलन, सम्पादन व प्रस्तुतिकरण का कार्य किया गया।

सहायक निदेशक समाचार रितेश कपूर ने बताया कि इसका उद्देश्य हर क्षेत्र में महिला कर्मचारियों के योगदान को बढ़ावा देना है।

**महिला सम्मान**

राज्य व केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं की मदद से महिलाएं जहां आत्मनिर्भर बनी हैं वहीं अन्य महिलाओं के लिए भी स्वरोज़गार के अवसर सृजित कर रही हैं। हमीरपुर ज़िला की प्रियंका के कुछ कर गुजरने के जुनून ने उन्हें मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भरता की राह दिखाई है। इसी तरह फूलों की खेती में माहिर बिलासपुर जिला के बैहनाजट्टां की मीना चंदेल देश की पहली महिला किसान हैं जिन्होंने अपने ग्रीन हाउस में एक विदेशी फूल की प्रजाति डेंथस को सफलतापूर्वक उगाया है।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा ज़िला के शाहपुर में 30 करोड़ रूपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप स्मारक भवन का शिलान्यास भी शामिल है। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने रोड़ कनेक्टिविटी में सुधार, स्थानीय विकास को बढ़ावा देने और खेल बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि ये सभी पहलें बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने, आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करने के सरकार के दृष्टिकोण का हिस्सा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शाहपुर में जज कोर्ट और डी.एस.पी. कार्यालय खोलने की घोषणा भी की। इस अवसर पर शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने विकास परियोजनाओं के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

**जयराम**

प्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 10 मार्च से 28 मार्च तक शिमला में आयोजित होगा। इस सत्र के इस बार हंगामेदार होने के आसार हैं। नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने सरकार पर सत्र को कम करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कहा कि चार दिन राज्यपाल के अभिभाषण में और चार दिन बजट पर चर्चा में चले जाएंगे ऐसे में बहुत सारे ऐसे मुद्दे हैं जिस पर विपक्ष सदन में चर्चा करना चाहता है। जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार केंद्र के विकास के पैसे को वेतन और पेंशन में दे रही है और ऐसे विभिन्न मुद्दे हैं जिस पर विपक्ष चर्चा करना चाहता है।

**लोक अदालत**

प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गुरमीत सिंह संधावालिया और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित सभी अदालतों में 51 हज़ार 54 विभिन्न मामलों का निपटारा किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल एक लाख 22 हज़ार 6 सौ 44 मामले उठाए गए।

**विक्रमादित्य सिंह**

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने नई दिल्ली में केंद्रीय आवास व शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल से भेंट कर शहरों के पुर्नविकास के लिए अर्बन चैलेंज फंड में निर्धारित मानदंडों पर पुनर्विचार करने और छूट देने का आग्रह किया। विक्रमादित्य सिंह ने केन्द्रीय मंत्री से पहाड़ी राज्य के दृष्टिगत 90–10 के आधार पर मानदंड तय करने का अनुरोध किया। लोक निर्माण मंत्री ने प्रदेश में राष्ट्रीय शहरी डिजिटल मिशन के तहत शुरू किए गए  सिटिजन सर्विस पोर्टल के लिए पांच वर्षों में 70 करोड़ रुपये प्रदान करने की मांग भी की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत देनदारियों के निपटान के लिए 3 करोड़ 28 लाख रुपये प्रदान करने की मांग भी की गई। केंद्रीय मंत्री ने राज्य को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

<u>मांग</u>

चंबा ज़िला की पांगी घाटी की पुर्थी पंचायत में हिम ऊर्जा का पावर हाऊस पिछले 3 सप्ताह से बंद है जिससे शौर, रेई और पुर्थी पंचायतों के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। टावर खराब होने से इन क्षेत्रों में बी.एस.एन.एल. के टावर सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। शौर पंचायत के उप–प्रधान निहाल चंद भारद्वाज ने इन सुविधाओं को जल्द बहाल करने की प्रशासन से मांग की है।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर</u>

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह शाहपुर के चंबी में हुआ आयोजित– महिला विकास प्रोत्साहन योजना के तहत महिलाएं सम्मानित।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शाहपुर क्षेत्र में 30 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा का बजट सत्र छोटा करने का राज्य सरकार पर लगाया आरोप।
- प्रदेशभर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 51 हज़ार से अधिक विभिन्न मामलों का हुआ निपटारा।

.....................................................................................................................................................